बिहार सरकार
श्रम संसाधन विभाग
बिहार कौशल विकास मिशन

## आदेश

राज्य सरकार के 7 निश्चयों में एक "आर्थिक हल युवाओं को बल" के अधीन अकोढ़ीगोला(रोहतास) Kyp Code 06060043 में कुशल युवा कार्यक्रम के प्रशिक्षण का संचालन बिन्देश्वरी एडूकेशनल फाउंडेशन के द्वारा किया जा रहा है। बिहार कौशल विकास मिशन क निरीक्षण टीम के द्वारा दिनांक 2.4.2019 को इस केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के समय इस केन्द्र पर 11 प्रशिक्षणार्थी लैब में प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे थे, जो जनवरी,फरवरी तथा मार्च बैच के प्रशिक्षणार्थी थे । निरीक्षण के समय इस केन्द्र पर एक भी Oncet certified learning facilitator उपस्थित नहीं थे, न हीं केन्द्र पर Center Coordinator हीं उपस्थित थे । एक व्यक्ति, जिन्होंने अपना नाम श्री अभिषेक कुमार बताया, वे केन्द्र पर उपस्थित थे, जिनके द्वारा अपने आपको इस केन्द्र का Learning facilitator बताया गया । निरीक्षण के क्रम में जब पोर्टल से इसकी जॉच की गयी तो यह पाया गया कि श्री अभिषेक कुमार Certified नहीं हैं तथा पोर्टल पर LF की सूची में इनका नाम भी नहीं है । जब इनसे पूछा गया कि केन्द्र पर Day start कैसे होता है तो श्री अभिषेक कुमार के द्वारा बताया गया कि Day start वे हीं करते हैं । जब Biometric Device में श्री अभिषक कुमार के Finger impression का सत्यापन किया गया तो इनके चार उंगलियों का Finger impression 4 Learner सुश्री सुजाता कुमारी, Learner code 277470119010651, श्री सुनील कुमार Learner code 2771845618121551, श्री नीरज कुमार सिंह, Learner code 2777364719010651, तथा सुश्री नीतु कुमारी, Learner code 2788956319020351 का पाया गया । स्पष्ट है कि Uncertified Learning Facilitator श्री अभिषेक कुमार के द्वारा Biometric device में अपनी 6 उंगलियों का पंजीकरण किया गया था तथा शेष 4 उंगलियों का पंजीकरण 4 प्रशिक्षणार्थियों के लिए किया गया था, जो अत्यंत हीं गंभीर प्रवृति की अनियमितता है ।

बिन्देश्वरी एडूकेशनल फाउण्डेशन, अकोढ़ीगोला(रोहतास) KYP code 06060043 पर पायी गयी इस गंभीर अतिनयमितता के लिए संस्थान से बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या–426 दिनांक–5.4.2019 के द्वारा स्पष्टीकरण पूछा गया । पूछे गये स्पष्टीकरण के आलोक में बिन्देश्वरी एडूकेशनल फाउण्डेशन की संस्थापक श्रीमती निक्की कुमारी के द्वारा दिनांक–8.4.2019 को अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया । अपने स्पष्टीकरण में बिन्देश्वरी एडूकेशनल फाउण्डेशन के संस्थापक के द्वारा यह उल्लेख किया गया कि उनके KYP code 06060043 के संचालन हेतु निर्धारित मानकों के अनुसार Center Coordinator एवं Oncet certified learning facilitator की नियुक्ति की गयी है तथा वे प्रत्येक दिन दिनचर्या के अनुसार कार्य कर रहे थे । उन्हें यह जिम्मेवारी दी गयी थी कि केन्द्र का संचालन बिहार कौशल विकास मिशन के नियम के अनुरूप करें तथा यह उनके द्वारा किया भी जाता था । लेकिन निरीक्षण दल के औचक निरीक्षण के दौरान सभी कर्मियों को केन्द्र से अनुपस्थित पाया जाना एवं एक अजनबी व्यक्ति को Oncet certified learning facilitaor के रूप में अपने को बताना, किन रहस्मय परिस्थितियों में हुआ, उन्हें आश्चर्यचकित कर रहा है । अपने स्पष्टीकरण में उनके द्वारा यह कहा गया कि किसी केन्द्र संचालक के द्वारा उनके केन्द्र के कर्मियों को प्रलोभन देकर उनके केन्द्र को बंद कराने की साजिश रची गयी है । यह एक सोंची समझी साजिश के तहत षडयंत्र है । वह किसी भी अभिषेक कुमार नाम के व्यक्ति को नहीं जानती हैं तथा अभिषेक कुमार के द्वारा केन्द्र के Oncet certified learning facilitaor से मिलकर Finger impression को Configure किया गया है । अपने स्पष्टीकरण में बिन्देश्वरी एडूकेशनल फाउण्डेशन, अकोढ़ीगोला के द्वारा यह कहा गया कि जब उनके द्वारा केन्द्र पर नियुक्त कर्मचारियों से इस घटना के संबंध में पूछताछ किया गया तो वे बहाना बनाने लगे । इस घटना को संज्ञान में लेते हुए उनके द्वारा इस केन्द्र पर नियुक्त सभी कर्मचारियों को भारमुक्त कर दिया गया है । अपने स्पष्टीकरण में बिन्देश्वरी एडूकेशनल फाउण्डेशन के Owner के द्वारा यह उल्लेख किया गया है कि वे इस घटना से काफी विचलित हुई हैं तथा माफी दिये जाने का अनुरोध करते हुए केन्द्र को पुनः संचालित किये जाने की अनुमति का अनुरोध किया गया है तथा यह आश्वासन दिया गया है कि भविष्य में इस प्रकार की कोई भी शिकायत का मौका नहीं दिया जायेगा ।

Scanned by CamScanner

बिन्देश्वरी एड्यूकेशनल फाउण्डेशन, अकोढ़ीगोला(रोहतास) KYP code 06060043 की संस्थापक श्रीमती निक्की कुमारी से प्राप्त स्पष्टीकरण स्वीकार योग्य नहीं है । उनके केन्द्र पर उपस्थित अवैध Learning facilitator के द्वारा Impersonation की गतिविधि को बखूबी अंजाम दिया जा रहा हो, लेकिन Center Owner के द्वारा यह कहा जाये कि यह कार्य किसी दूसरे केन्द्र के द्वारा उनके कर्मियों को मेल में लेकर साजिश एवं षडयंत्र के तहत किया गया है, अत्यंत हीं हास्यास्पद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है । किसी केन्द्र पर Impersonation की गतिविधि चलाई जा रही हो और तथा उस का Owner इससे अनभिज्ञ हो, कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता है ।

एजेंसी बिन्देश्वरी एड्यूकेशनल फाउण्डेशन, अकोढ़ीगोला(रोहतास) KYP code 06060043 के संस्थापक से प्राप्त स्पष्टीकरण स्वीकार करने योग्य नहीं है । अतः इसे अस्वीकृत करते हुए बिन्देश्वरी एड्यूकेशनल फाउण्डेशन, अकोढ़ीगोला(रोहतास) KYP code 06060043 के पंजीकरण को तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए इस केन्द्र को स्थायी रूप से बंद किया जाता है । Team Leader,MKCL श्री अनुपम नारखेड़े को आदेश दिया जाता है कि वे तत्काल प्रभाव से बिन्देश्वरी एड्यूकेशनल फाउण्डेशन, अकोढ़ीगोला(रोहतास) KYP code 06060043 के पंजीकरण को निरस्त कर दें तथा इस केन्द्र के चार Learner सुश्री सुजाता कुमारी, Learner code 2777470119010651, श्री सुनील कुमार Learner code 27771845618121551, श्री नीरज कुमार सिंह, Learner code 2777364719010651, तथा सुश्री नीतु कुमारी, Learner code 2788956319020351 के कुशल युवा कार्यक्रम के प्रमाण पत्र को, यदि उनके द्वारा परीक्षा में सम्मलित होकर उत्तीर्णता प्राप्त कर ली गयी हो, तो रद्द कर दें । उन्हें यह भी आदेश दिया जाता है कि इस केन्द्र पर नामांकित अन्य सभी प्रशिक्षणार्थियों को जिनकी परीक्षा अभी आयोजित नहीं हुई है, उन्हें विमुक्त कर दें ताकि वे नये सिरे से किसी अन्य केन्द्र पर नामांकन कराकर कुशल युवा कार्यक्रम का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें । प्रबंधक, वित्त बिहार कौशल विकास मिशन को आदेश दिया जाता है कि वे विमुक्त किये गये प्रशिक्षणार्थियों से प्राप्त सुरक्षित जमा की राशि को अविलंब उनके बैंक खाते में RTGS/NEFT के माध्यम से वापस कर दें ।

ह0/–
(दीपक कुमार सिंह)
सरकार के प्रधान सचिव
सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन।

ज्ञापांक– BSDM/SDM-18/2017- (खंड–1)-559 दिनांक-17/5/2019

प्रतिलिपि – 1.बिन्देश्वरी एड्यूकेशनल फाउण्डेशन अकोढ़ीगोला(रोहतास) Kyp Code 06060043 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2.श्री अनुपम नारखेड़े, Team Leader, MKCL को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

3.प्रबंधक(वित्त)बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4.अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकरी/मिशन निदेशक/प्रशासी पदाधिकारी/प्रबंधक कार्यक्रम क्रियान्वयन, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5.जिला पदाधिकारी,रोहतास/जिला नियोजन पदाधिकारी,रोहतास/जिला कौशल प्रबंधक, रोहतास को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

6. Project Director, SPMU /श्री रत्नदीप सिंह, मैनेजर MIS & Monitoring, SPMU /श्री रमण कुमार, मैनेजर SPMU/श्री धर्मेन्द्र सिंह यादव, SPMU को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

17/5/19

(दीपक कुमार सिंह)
सरकार के प्रधान सचिव
सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन।

Scanned by CamScanner